University in News on 21 November 2023

HINDUSTAN PAGE 6

एलयू: पदक के लिए 16 विद्यार्थियों ने दिया इंटरव्यू

दीक्षांत

लखनऊ, संवाददाता। एलयू में सोमवार को 66वें दीक्षांत समारोह के मद्देनजर सर्वोच्च पदकों के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इसके तहत चांसलर, चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए भेजे गए 12-12 छात्रों को साक्षात्कार के लिए बुलाया गया था। इसमें दोनों पदकों के लिए पांच छात्र कॉमन थे। जबकि चार छात्र अनुपस्थित रहे।

वहीं समिति के प्रश्नों का 16 विद्यार्थियों ने जवाब दिया। समिति ने विद्यार्थियों के एकेडमिक रिकार्ड, सोशल एक्टीविटी, एक्सट्रा करिकुलर एक्टीविटी और एनसीसी, एनएसएस के रिकॉर्ड देखे। उन्होंने हर एक छात्र को अलग-अलग बुलाकर प्रश्न पूछे। दीक्षांत सप्ताह में पुस्तक मेला लगाने की भी तैयारी है।

साक्षात्कार आज: एलयू में मंगलवार को वाइस चांसलर स्वर्ण पदक के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा।

एलयू: दस नकलची छात्रों की परीक्षा रद्द

कार्रवाई

- एमए, एमएससी, बीसीए, बीएड और एमएड के हैं ये सभी विद्यार्थी
- सम सेमेस्टर परीक्षा-2023 में नकल करते पकड़े गए थे छात्र

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा-2023 में नकल करते पकड़े गए 10 छात्रों की पूरी परीक्षा रद्द कर दी गई। जबकि पांच छात्रों को आरोपों से मुक्त कर दिया गया है।

एलयू के उड़ाका दल ने सम सेमेस्टर परीक्षा के दौरान अलग-अलग केंद्रों से स्नातक-परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के दर्जनों छात्रों को नकल करते पकड़ा था। जिन्हें सफाई पेश करने का मौका दिया गया। सभी छात्रों ने कुलानुशासक की ओर से बनाई समिति के सामने अपना पक्ष भी रखा। जिसके बाद समिति ने अपनी रिपोर्ट परीक्षा विभाग को सौंप दी। सोमवार को परीक्षा नियंत्रक की ओर से 10 छात्रों की पूरी परीक्षा रद्द करने का नोटिस जारी किया गया। इसमें एमए राजनीति विज्ञान, हिंदी, गृह विज्ञान, बीसीए, बीएड़, एमएड़, एमएससी गणित, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के दूसरे व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं एमकॉम और बीएससी कृषि के पांच छात्रों को बरी करने का भी नोटिस जारी किया गया है। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर एग्जामिनेशन के कॉलम में जाकर एग्जामिनेशन नोटिस में सूची देखी जा सकती है।

एमबीए की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 28 से: जानकारी के अनुसार बता दें कि एलयू में वाणिज्य विभाग के एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग की मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 28 से शुरू होकर 30 नवंबर तक चलेंगी।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : दस नकलचियों की परीक्षा रद्द, पांच आरोपमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में नकल करते पकड़े गए दस छात्रों पर कार्रवाई करते हुए उनकी परीक्षा निरस्त कर दी गई है। अब उन्हें दोबारा पूरी परीक्षा देनी होगी। नकल के आरोप में पकड़े गए पांच छात्रों के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर उन्हें बरी कर दिया गया है।

सेमेस्टर परीक्षा के दौरान उड़ाका दल ने अलग-अलग केंद्रों से स्नातक-परास्नातक स्तर के कई छात्रों को नकल करते पकड़ा था। इन्हें अपना पक्ष रखने के लिए प्राक्टर की अध्यक्षता में बनाई गई समिति के सामने पेश किया गया था। समिति ने परीक्षा विभाग को सौंपी रिपोर्ट में दस छात्रों की परीक्षा निरस्त करने का निर्णय दिया।

परास्नातक सम सेमेस्टर के विद्यार्थियों पर हुई कार्रवाई

सोमवार को परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पत्र जारी कर दिया। इसमें एमए राजनीति विज्ञान, हिंदी, गृह विज्ञान, बीसीए, बीएड, एमएड, एमएससी गणित, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के दूसरे व चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थी शामिल हैं। वहीं एमकॉम और बीएससी कृषि के पांच छात्रों को आरोप मुक्त करने का भी नोटिस जारी किया गया है। इनकी सूची विवि की वेबसाइट पर मौजूद है।

चांसलर, चक्रवर्ती पदक के लिए 16 ने दिए साक्षात्कार

लखनऊ। लविवि में सोमवार को 66वें दीक्षांत समारोह में दिए जाने वाले सबसे प्रतिष्ठित चांसलर, चक्रवर्ती पदक के लिए 16 मेधावियों ने साक्षात्कार दिया। शार्टलिस्ट किए गए चार विद्यार्थी नहीं पहुंचे। विवि में मंगलवार को कुलपति पदक लिए इंटरव्यू होगा। इसके लिए 12 छात्रों को शार्टलिस्ट किया गया है।

कुलपति पदक के लिए आज होगा इंटरव्यू

लविवि में छह दिसंबर को दीक्षांत समारोह प्रस्तावित है। इसमें करीब 53 हजार विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। मुख्य पदकों के लिए हुए साक्षात्कार में समिति ने विद्यार्थियों के एकेडमिक रिकार्ड, सोशल एक्टीविटी, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टीविटी और एनसीसी, एनएसएस के रिकॉर्ड देखे। उन्होंने हर छात्र को अलग-अलग बुलाकर प्रश्न पूछे। समिति में प्रो. अरविंद अवस्थी, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी, सभी संकायों के डीन, चीफ प्रोवोस्ट उपस्थित रहे। (संवाद)

NBT PAGE 6

एलयू में नकल के आरोप में 10 की परीक्षा रद

■ एनबीटी सं., लखनऊ : एलयू के फ्लाइंग स्क्वाड ने सम सेमेस्टर परीक्षा के दौरान अलग-अलग केंद्रों से स्नातक-परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के स्टूडेंट्स को नकल के आरोप में पकड़ा था। इन स्टूडेंट्स को प्रॉक्टर की ओर से बनाई गई समिति के सामने पक्ष रखने का मौका दिया गया था। सोमवार को परीक्षा नियंत्रक की ओर से 10 स्टूडेंट्स की पूरी परीक्षा रद करने का नोटिस जारी कर दिया गया। निरस्त की गई परीक्षा में एमए राजनीति विज्ञान, हिंदी, गृह विज्ञान, बीसीए, बीएड, एमएड, एमएससी गणित, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान के दूसरे व चतुर्थ सेमेस्टर के स्टडेंट्स शामिल हैं। वहीं एमकॉम और बीएससी कृषि के 5 स्टूडेंट्स को बरी करने का भी नोटिस जारी किया गया है।

i-NEXT PAGE 6

तेहरान के डॉ. अलीरेजा ने विजिट किया एलयू

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने इस्लामिक आजाद विश्वविद्यालय, तेहरान के भौतिक विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर व हेड डॉ. अलीरेजा पाकनेझाद ने एलयू में फिजिक्स डिपार्टमेंट के हेड से मुलाकात की. डॉ. पुनीत कुमार ने अपने अनुसंधान रुचियों पर चर्चा की और सहयोग क्षेत्रों की संभावनाओं की खोज की. अनुसंधान के क्षेत्र में छात्रों के साथ अपने ज्ञान को साझा किया. यह मुलाकात दो संस्थाओं के शैक्षिक समुदायों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी.

ड्रग डवलपमेंट एंड ड्रग डिलीवरी पर कॉन्फ्रेंस आज

लखनऊ। लविवि के जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर में मंगलवार को दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ड्रग डवलपमेंट एंड ड्रग डिलीवरी की शुरूआत होगी। कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन मुख्य अतिथि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया राजीव सिंह रघुवंशी करेंगे। इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग की ओर आयोजित इस कार्यक्रम में फ्रांस, अमेरिका और कनाडा के विश्वविद्यालयों के प्रख्यात वैज्ञानिक व शिक्षोपनिषद अपना वक्तव्य देंगे। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय करेंगे। (संवाद)

JAGRAN CITY PAGE III

28 नवंबर से पांच दिसंबर तक होगा दीक्षा सप्ताह

लवि के अधिष्ठाता कला संकाय ने विभागों को जारी किया पत्र

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षा समारोह छह दिसंबर को मनाया जाएगा। इससे पहले विश्वविद्यालय में 28 नवंबर से पांच दिसंबर तक परिसर में दीक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इसमें विभिन्न प्रकार के स्पेशल लेक्चर, खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कला संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर अरविंद अवस्थी ने सभी विभागाध्यक्षों से लेकर निदेशक, समन्वयक एवं संकाय प्रभारियों को पत्र जारी कर अपने यहां आयोजित कार्यक्रम का प्रस्ताव देने के लिए कहा है। सभी को अपने प्रस्ताव आयोजन समिति के चेयरमैन के पास जमा करना होगा।

अभी तक दीक्षा समारोह सप्ताह एक से पांच दिसंबर तक प्रस्ताव था। अब इसे 28 नवंबर से ही शुरू कराने की तैयारी है। इसी आधार पर विभाग भी जुटे हैं। हैप्पी थिंकिंग लैब एवं काउंसिलिंग एंड गाइडेंस सेल की ओर से 30 नवंबर से पांच दिसंबर के बीच लाइफ इस ब्यूटीफुल थीम पर पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, रंगोली, निबंध प्रतियोगिता होंगी। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

चार और पांच दिसंबर को लगेगा पुस्तक मेला: विश्वविद्यालय के दीक्षा सप्ताह के दौरान चार और पांच दिसंबर को पुस्तक मेला भी लगाया जाएगा। टैगोर लाइब्रेरी की ओर से इसका आयोजन किया जाएगा। सोमवार को इसकी तिथि तय कर दी गई। इसके स्टाल लाइब्रेरी के बाहर ही लगाए जाएंगे। टैगोर लाइब्रेरी के पुस्तकालय अध्यक्ष प्रोफेसर डीआर साहू ने बताया कि पुस्तक मेले में करीब 15 से 20 स्टाल लगाने की योजना है। इसके लिए विभिन्न पुस्तक विक्रेताओं से संपर्क किया गया है। स्टाल पर छात्र-छात्राओं के लिए उनके कोर्स से लेकर रेफरेंस बुक सहित सभी नई किताबें उपलब्ध होंगी। वह उसे खरीद भी सकेंगे। किताबों की एडवांस बुकिंग भी करा सकेंगे। किताबों की खरीद पर उन्हें कुछ छूट भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि दीक्षा सप्ताह के दौरान पुस्तकालय सभी के भ्रमण के लिए खुला रहेगा।

हुए साक्षात्कार

लखनऊ विश्वविद्यालय के दीक्षा समारोह में दिए जाने वाले मुख्य पदक के लिए सोमवार से साक्षात्कार शुरू हुए। पहले दिन चक्रवर्ती और चांसलर गोल्ड मेडल के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया। करीब दो घंटे तक चले साक्षात्कार में 12-12 विद्यार्थियों को बुलाया गया था। इनमें से पांच विद्यार्थियों ने दोनों पदक के लिए आवेदन किया था। बुधवार को वीसी गोल्ड मेडल (बेस्ट एनसीसी कैडेट) के चयन के लिए साक्षात्कार होगा। गौरतलब है कि दीक्षा समारोह में कुल 197 मेडल दिए जाएंगे, जिसमें 15 मेडल विश्वविद्यालय की तरफ से और 182 मेडल प्रायोजित होते हैं। समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों से संबंधित लगभग 53,000 डिग्रियां भी प्रदान की जाएंगी।

मिड सेमेस्टर परीक्षाएं 28 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एम.बी.ए फाइनेंस एंड एकाउंट पहले व तीसरे सेमेस्टर की मिड सेमेस्टर परीक्षाओं की समय सारिणी सोमवार को जारी कर दी। यह परीक्षाएं 28 से 30 नवंबर तक होंगी। कोर्स के निदेशक प्रोफेसर अवधेश कुमार ने बताया कि विद्यार्थी नोटिस बोर्ड पर विस्तृत समय सारिणी देख सकते हैं। (जासं)

अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आज से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज की ओर से जानकीपुरम स्थित परिसर में दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय कांफ्रेंस आन ड्रग डेवलपमेंट एंड ड्रग डिलीवरी का आयोजन मंगलवार से होगा। इसमें फ्रांस, आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका, सेंट जान यूनिवर्सिटी कनाडा, नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ, अमेरिका के वैज्ञानिक अपने विचार रखेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में ड्रग कंट्रोलर जनरल आफ इंडिया डा. राजीव सिंह रघुवंशी रहेंगे। (जासं)

विद्यार्थियों ने साइंस सिटी का दौरा

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के पुस्तकालय सूचना विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के मौके पर रीजनल साइंस सिटी का दौरा किया। विभाग की हेड प्रोफेसर डा. बबीता जायसवाल ने पुस्तकालय सप्ताह के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। एसोसिएट प्रोफेसर डा. अंजली गुलाटी ने बीलिबआइएस और एम लिब आइएस के छात्रों के साथ इनोवेशन हाल का भी दौरा किया। (जासं)

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

हर बच्चे को अधिकार दिलाने का संकल्प

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। राजधानी के चार विश्वविद्यालयों के युवा चेंजमेकर्स लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में विश्व बाल दिवस मनाने के लिए

बाल अधिकार संबंधी एक्शन प्रोजेक्ट के लिए युवाओं का मिला सम्मान

एक साथ आए। छात्रों ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और अस्तित्व से संबंधित विषयों पर यूथ एक्शन प्रोजेक्ट पर काम करने के अपने अनुभवा साझा किए। कार्यक्रम में राज्य सूचना आयुक्त अजय उप्रेती, यूनिसेफ उत्तर प्रदेश प्रमुख डॉ.जकारी ऐडम एवं संचार विशेषज्ञ निपूर्ण गुप्ता, संयुक्त राष्ट्र में बाल अधिकार के भारत के युवा प्रतिनिधि कार्तिक वर्मा एवं लविवि के समाज कार्य विभाग के प्रो.अनूप कुमार भारतीय ने युवाओं द्वारा स्थापित यूथ ऐडवोकेसी नेटबर्क को लॉन्च किया। यूनिसेफ द्वारा लविवि के समाज कार्य विभाग के साथ और जनसंचार विभाग के छात्रों के साथ मिल कर पहली बार सहयोगी (चिल्ड्रन्स होप फॉर एक्शन एंड बेटर इम्पैक्ट)यूथ एडवोकेसी नेटवर्क की शुरुआत की गई। सितंबर 2023 में लखनऊ के डॉ.शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने चार प्रमुख विषयों में किशोर पोषण, बाल हिंसा, जलवायु परिवर्तन का बच्चों पर प्रभाव और नियमित टीकाकरण पर एक्शन प्रोजेक्ट किए जिनके लिए उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार उप्रेती, राज्य सूचना आयुक्त, उत्तर प्रदेश ने छात्रों को सम्मानित किया और कहा कि युवाओं के पास असीम ताकत है। उन्होंने कहा को आगे भी बाल अधिकारों के लिए कार्य करना चाहिए। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के प्रमुख डॉ.जकारी एडम ने युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि युवाओं के पास समाज के बच्चों की समस्याओं को दूर करने की चाभी है। बच्चों और युवाओं की भागीदारी के बारे में बात करते हुए संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समिति में भारत के युवा प्रतिनिधि कार्तिक वर्मा ने युवाओं को अपनी आवाज बुलंद करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि विश्व की सरकारें हम युवाओं द्वारा सुनने के लिए उत्सुक हैं। हमें अपनी आवाज उन तक पहुंचनी होगी। लविवि के समाज कार्य विभाग के प्रमुख प्रो.अनूप कुमार भारतीय ने कहा, इस पहल को शुरू करने का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को बाल अधिकारों और सतत विकास लक्ष्यों के लिए चेंज मेकर्स बनाना था। हमें खुशी है कि छात्रों ने विषयों को समझा और अपने आसपास के कई लोगों को जागरूक किया। प्रत्येक विश्वविद्यालय से पांच छात्रों का एक कोर समूह बनाया गया, जिसने अपने संबंधित विश्वविद्यालयों में युवा क्लबों की स्थापना की और यूथ इम्पैक्ट चैलेंज को लॉन्च किया।

छात्रों ने हासिल की विज्ञान से जुड़ी जानकारियां

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। विश्वविद्यालय के छात्रों ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के मौके पर रीजनल साइंस सिटी का दौरा किया। इस सप्ताह के दौरान,पुस्तकालय सूचना विज्ञान विभाग के बैचलर और मास्टर के छात्रों ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया। इस संदर्भ में, विभाग के प्रमुख प्रोफेसर डॉ. बबीता जायसवाल ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के महत्व पर विचार व्यक्त किया। जिसने छात्रों में जागरूकता और समझ पैदा करने का काम किया। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.अंजली गुलाटी ने बी लिब आई एस्स और एम लिब आई एस्स के छात्रों के साथ इनोवेशन हॉल का दौरा किया। इसके अलावा प्री-हिस्टोरिक पार्क में खेले गए टग ऑफ वार खेल में छात्रों ने खेल की भावना और सहयोग को महसूस किया।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

शिक्षा व अनुसंधान में संभावनाओं पर चर्चा

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। डॉ.अलीरेज़ा पाकनेझाद जो इस्लामिक आजाद विश्वविद्यालय, तेहरान के भौतिक विज्ञान विभाग के असोसिएट प्रोफेसर और विभाग के प्रमुख हैं। वह अपने प्लाज्मा भौतिकी क्षेत्र में योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं। सोमवार को डॉ.अलीरेज़ा लविवि द्वारा स्वागत किया गया। लविवि के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख ने उनके आमंत्रण पर अपनी हर्ष की अभिव्यक्ति की, जिन्होंने ऐसे एक प्रमुख शैक्षिकीय को मेहमान बनाया। इस अवसर पर एक सामान्य स्वागत समारोह में डॉ.अलीरेज़ा को समर्पिता और शुभकामना के रूप में एक यादगार उपहार प्रस्तुत किया गया। इस यात्रा का आयोजन डॉ.पुनीत कुमार, लविवि के भौतिक विज्ञान विभाग के असोसिएट प्रोफेसर ने किया। डॉ.कुमार एक श्रेष्ठ शिक्षक सदस्य, ने इस यात्रा को संभालने और दो विश्वविद्यालयों के बीच सहज बातचीत को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

युवा चेंजमेकर्स ने हर बच्चे के अधिकारों के लिए किया संकल्प

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ के चार विश्वविद्यालयों के युवा चेंजमेकर्स सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय हॉल में विश्व बाल दिवस मनाने के लिए एक साथ आये। छात्रों ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और अस्तित्व से संबंधित विषयों पर यूथ एक्शन प्रोजेक्ट पर काम करने के अपने अनुभव साझा किये।

कार्यक्रम में राज्य सूचना आयुक्त अजय उप्रेती, यूनिसेफ उत्तर प्रदेश प्रमुख डॉ. जकारी ऐडम एवं संचार विशेषज्ञ निपूर्ण गुप्ता, संयुक्त राष्ट्र में बाल अधिकार के भारत के युवा प्रतिनिधि कार्तिक वर्मा एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने युवाओं द्वारा स्थापित चाबी यूथ ऐडवोकेसी नेटवर्क को लांच किया। यूनिसेफ द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के साथ और जनसंचार विभाग के छात्रों के साथ मिल कर पहली बार सहयोगी चाबी (चिल्ड्रंस होप फॉर एक्शन एंड बेटर इम्पैक्ट) यूथ एडवोकेसी नेटवर्क की शुरूआत की गयी। सितंबर 2023 में लखनऊ के डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों ने चार प्रमुख विषयों किशोर पोषण, बाल हिंसा, जलवायु परिवर्तन का बच्चों पर प्रभाव और नियमित टीकाकरण विषयों पर एक्शन प्रोजेक्ट किए जिनके लिए उन्हें कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।

लविवि के विद्यार्थियों ने किया रीजनल साइंस सिटी का भ्रमण

लखनऊ, लोकसत्य

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के मौके पर रीजनल सांइस सिटी का भ्रमण किया। इस दौरान पुस्तकालय सूचना विज्ञान विभाग के बैचलर और मास्टर के स्टूडेंट्स ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया। विभाग हेड प्रो. बबीता जायसवाल ने राष्ट्रीय पुस्तकालय सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। असोसिएट प्रो. अंजली गुलाती ने बीलिबआई एस और एमलिबआई एस के स्टूडेंट्स के साथ इनोवेशन हॉल देखा। प्री-हिस्टोरिक पार्क में खेले गए टग ऑफ वार खेल में स्टूडेंट्स ने खेल की भावना और सहयोग को महसूस किया। सामाजिक और शैक्षिक अनुभव के माध्यम से, छात्रों ने न केवल विज्ञान से जुड़ी जानकारी हासिल की, बल्कि उन्होंने टीम वर्क और सहयोग की भावना को भी मजबूती से अपनाया। इस यात्रा ने छात्रों को नए दृष्टिकोण और नए ज्ञान का अवसर प्रदान किया।

LOKSATYA PAGE 3

अंतरराष्ट्रीय ड्रग डेवलपमेंट व ड्रग डिलीवरी कांफ्रेंस आज से

लखनऊ, लोकसत्य

योजना

- कई देशों के वैज्ञानिक होंगे शामिल

लखनऊ विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस ऑन ड्रग डेवलपमेंट व ड्रग डिलीवरी का आयोजन 21-22 नवंबर इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, फैकल्टी ऑफ़ इंजीनियरिंग,लखनऊ विश्वविद्यालय के नए परिसर, जानकीपुरम में होगा।

जिसमे फ़्रांस , ऑक्सफ़ोर्ड यूनिवर्सिटी, मिसिसिप्पी अमेरिका , सेंट जॉन यूनिवर्सिटी, कनाडा, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ हेल्थ, अमेरिका, मेडिकल कॉलेज ऑफ़ विस्कॉन्सिन, अमेरिका, यूनिवर्सिटी ऑफ़ मिशिगन, अमेरिका, मिड वेस्टर्न यूनिवर्सिटी, अमेरिका के प्रख्यात वैज्ञानिक व शिक्षोपनिषद अपना वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे।

भारत के प्रसिद्ध संस्थानों में से जैव प्रौद्योगकी विभाग,नई दिल्ली, विज्ञान एवं प्रौद्योगकी विभाग,नई दिल्ली एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश भी व्यख्यान प्रस्तुत करेंगे।

यह कॉन्फ्रेस विज्ञानं एवं प्रौद्योगकी विभाग,नई दिल्ली एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश से प्रायोजित है। शुभारम्भ मुख्य अतिथि ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया डॉ राजीव सिंह रघुवंशी 21 नवंबर को सुबह 9 45 मिनट पर किया जायेगा । उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो आलोक कुमार राय करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ जीएन सिंह व पूर्व डीसीजीआई बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। इस सम्मेलन में देश के 1000 से ज्यादा प्रतिभागी मौजूद रहेंगे। संयोजक प्रो पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी जी है।

भौतिकी अनुसंधान परियोजनाओं और अध्ययन पर साझा किये विचार

लखनऊ। डॉ. अलीरेजा पाकनेझाद, जो इस्लामिक आजाद विश्वविद्यालय, तेहरान के भौतिक विज्ञान विभाग के एक असोसिएट प्रोफेसर और विभाग के हेड हैं। वो अपने प्लाज्मा भौतिकी क्षेत्र में योगदान के लिए प्रसिद्ध हैं, उनके दौरे पर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वागत किया है।

लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख ने उनके आमंत्रण पर अपनी हर्ष की अभिव्यक्ति की। इस यात्रा का आयोजन डॉ. पुनीत कुमार, लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिक विज्ञान विभाग के एक असोसिएट प्रोफेसर, ने किया था। डॉ. कुमार, एक श्रेष्ठ शिक्षक सदस्य, ने इस यात्रा को संभालने और दो विश्वविद्यालयों के बीच सहज बातचीत की।

डॉ. अलीरेजा और डॉ. पुनीत ने सहयोग के लिए उत्साह व्यक्त किया और पलाज्मा भौतिकी के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान में संभावनाओं की बात की। यह मुलाकात दो संस्थाओं के शैक्षिक समुदायों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।यात्रा के दौरान, डॉ. अलीरेजा पाकनेझाद और उनके परिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की व्यापक सुविधाओं और समृद्ध शैक्षिक विरासत का एक संपूर्ण दौरा मिला।

यात्रा का हाइलाइट डॉ. अलीरेजा पाकनेझाद और डॉ. पुनीत कुमार के बीच एक मुलाकात था। डॉ. अलीरेजा पाकनेझाद और डॉ. पुनीत कुमार के बीच हुई मुलाकात में जहां उन्होंने विशेषज्ञता और अनुसंधान के क्षेत्र में छात्रों के साथ अपने ज्ञान को साझा किया और उनके अनुसंधान परियोजनाओं और अध्ययन क्षेत्रों के बारे में वार्ता की। बताया गया है कि लखनऊ विश्वविद्यालय को इस्लामिक आजाद विश्वविद्यालय, तेहरान से डॉ. अलीरेजा पाकनेझाद का मेहमान स्वीकार करने पर गर्व है।